टिप्पण आलेखन एवं शब्दावली प्रतियोगिता का आयोजन

दिनांक 23 मई 2023, जोधपुर

दिनांक 23.05.2023 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्या-2), जोधपुर के अध्यक्षीय कार्यालय भाकृअनुप-केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर में समिति के सदस्य कार्यालयों के कार्मिकों के लिये हिन्दी टिप्पण आलेखन एवं शब्दावली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भारत सरकार के कार्यालय, उपक्रम, स्वायतशासी संस्थाओं आदि के 22 प्रतिभागियों ने भाग लिया। संस्थान के निदेशक एवं अध्यक्ष, नराकास (कार्या-2), जोधपुर डॉ. ओम प्रकाश यादव ने कहा कि हिन्दी प्रतियोगिताओं के माध्यम से राजभाषा हिन्दी के प्रति रूचि जागृत की जा सकती है। प्रतियोगिता के आयोजन के बाद प्रतिभागियों का फील्ड भ्रमण करवाया गया तथा उन्हें संस्थान द्वारा विकसित तकनीकियों की जानकारी दी गयी। प्रतियोगिता का आयोजन श्री नवीन कुमार यादव, उप निदेशक (राजभाषा) एवं सदस्य सचिव, नराकास (कार्या-2), जोधपुर द्वारा किया गया।